हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 19 अगस्त 2025
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]



तापमान
अधिकतम 26.2 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की बैठक सम्पन्न



बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### प्रांजलि का नीट में सलेक्शन परिवार में खुशी का माहौल



**पत्थलगांव।** प्रांजलि बेहरा का नीट में सलेक्शन और फिर जगदलपुर कालेज मिलने से घर मे काफी खुशी का माहौल बना हुआ है। प्रांजलि बेहरा के पिता वेदानंद आर्य ब्लाक शिक्षा अधिकारी पत्थलगांव के पद पर पदस्थ है। जो पढाई के मतलब को बखुबी जानते समझते है यही कारण है कि प्रांजलि बेहरा ने अपने अथक मेहनत और दृढ़ इच्छाशक्ति से नीट क्वालीफाई कर कालेज प्राप्त कर लिया अपनी प्राथमिक शिक्षा वृंदावन पब्लिक स्कूल लुडेग से एवं माध्यमिक शिक्षा सेंट जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल पत्थलगांव, एवं हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी संस्कार पब्लिक स्कूल रायगढ़ मैं पढ़ने के बाद भिलाई में कोचिग कर ये मुकाम पाया है। जो निश्चय ही प्रांजलि बेहरा के परिवार जनों को काफी खुश किया है।

### जिले में अब तक 7697.4 मिमी वर्षा

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले में 01 जून से अब तक 7697.4 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 18 अगस्त तक की स्थिति में 7078.3 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 2.5 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 846.6 मिमी, मनोरा में 971.2 मिमी, कुनकुरी में 1138.6 मिमी, दुलदुला में 455.3 मिमी, फरसाबहार में 603.6 मिमी, बगीचा में 820.6 मिमी, कांसाबेल में 723.1 मिमी, पत्थलगांव में 676.0 मिमी, सन्ना में 907.6 मिमी एवं बागबहार में 554.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### नगर सैनिक में भर्ती का परिणाम जारी

**जशपुरनगर।** जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नगर सेना से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 2024-25 में 1715 महिला नगर सैनिकों की छात्रावास ड्यूटी हेतु तथा 500 महिला एवं पुरूष नगर सैनिक जनरल ड्यूटी हेतु भर्ती कार्यवाही की गई थी। जिसका परिणाम 08 अगस्त 2025 को जारी किया गया है। उक्त भर्ती परिणाम विभागीय वेबसाईट में अपलोड किया गया है। नगर सैनिक भर्ती परीक्षा परिणाम हेतु अभ्यर्थी वेबसाईट का अवलोकन कर सकते है।

## सीएसपीटीसीएल द्वारा सीएसआर गतिविधियों के संचालन

# 8 स्कूलों के नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 19 लाख की मिली प्रशासकीय स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की सार्थक पहल से रायपुर सीएसपीटीसीएल द्वारा सीएसआर गतिविधियों के संचालन हेतु जिले के विभिन्न संचालित 8 स्कूलों के नवीन भवन निर्माण कार्य के लिए 6 करोड़ 19 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सीएसआर मद अंतर्गत आरटीजीएस व एनईएफटी के माध्यम से राशि प्राप्त हुआ है।



उक्त राशि में से 6 करोड़ 19 लाख रूपए के 08 नवीन भवन निर्माण हेतु ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जशपुर को निर्माण एजेंसी नियुक्ति कर कार्य कराने हेतु राशि दी गई है। इनमें कांसाबेल विकासखण्ड के ग्राम पंचायत बांसबहार में शासकीय प्राथमिक शाला तुरंगाखार नवीन भवन के लिए 20 लाख, फरसाबहार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गारीघाट में नवीन प्राथमिक शाला भवन निर्माण कार्य बागमाड़ा के लिए 20 लाख, ग्राम पंचायत पण्डरीपानी में उच्च माध्यमिक विद्यालय बालक पण्डरीपानी में नवीन भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 21 लाख एवं ग्राम पंचायत ⏭ शेष पेज 4 पर

### दोकड़ा में विकासकार्यों के लिए 1.15 करोड़ की राशि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य में सुशासन तिहार का तीसरा चरण सकारात्मक बदलावों का प्रतीक बनता जा रहा है। सुशासन तिहार के अवसर पर ग्राम दोकड़ा में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के आगमन पर उनके द्वारा घोषित दो विकास कार्यों के लिए 01 करोड़ 15 लाख रुपये की राशि की स्वीकृत प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री श्री साय के घोषणा के अनुरूप ग्राम दोकड़ा में जिन विकासकार्यों की स्वीकृति प्रदान की गई है, उनमें ग्राम दोकड़ा में मंगल भवन के जीर्णोद्धार हेतु 20.00 लाख रुपए और कल्याण आश्रम भवन निर्माण के लिए 95.00 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### 1.71 करोड़ रुपये के होंगे निर्माण कार्य

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा शासन की स्थापना से लेकर निरन्तर जशपुर जिले के विकास के कार्य किया जा रहा है। उनके नेतृत्व में जशपुर जिले के सुदूर वनांचल ग्रामों से लेकर हर गांव-नगर सांस्कृतिक, धार्मिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, यातायात, पर्यटन, अधोसंरचनात्मक विकास जैसे क्षेत्रों में निरंतर नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा की गई घोषणाओं को अमलीजामा पहना कर क्षेत्र के विकास हेतु सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा मद से 01 करोड़ 71 लाख 99 हज़ार रूपयों के विभिन्न निर्माण कार्यों हेतु राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसमें महाकुल यादव समाज बगीचा के वृंदावन भवन के विस्तार हेतु 50 लाख रूपये, ग्राम पंचायत नारायणपुर में अघोरेश्वर आश्रम के प्रवेश द्वार निर्माण हेतु 10 लाख रूपये, तपकरा के स्टेडियम में युवाओं की सुविधा के लिए समतलीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं जिम निर्माण हेतु 12 लाख रूपये एवं किलकिला धाम के शिव मंदिर में भव्य प्रवेश द्वार एवं बाउंड्री वाल निर्माण हेतु 99.99 लाख रूपयों की राशि को स्वीकृति प्रदान की गई है।

## पटवारियों के संसाधन भत्ता की मिली स्वीकृति, बजट में किया गया शामिल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा पटवारियों को संसाधन भत्ता दिये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7 करोड़ रूपए अन्य भत्ते मद में प्रावधानित बजट के व्यय की स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही पटवारियों को वर्तमान में दी जा रही स्टेशनरी भत्ते को समाहित करते हुए एकमुश्त रूपए 1100 प्रतिमाह संसाधन भत्ते के रूप में दिए जाने पर सहमति की गई है। इसके बाद स्टेशनरी भत्ते के रूप में दिए जा रहे 250 रूपए के स्थान पर सिर्फ संसाधन भत्ता रूपए 1100 ही केवल देय होगा। यह भत्ता शासकीय कार्य के लिए मोबाईल, इंटरनेट और लैपटॉप के उपयोग के एवज में देय होगा।

> ■ शासकीय कार्य हेतु मोबाईल, इंटरनेट और लैपटॉप उपयोग के एवज में देय होगा प्रतिमाह 1100 रूपए

## अपर कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम लोगों की समस्याएं



लोगों की समस्या सुनते अपर कलेक्टर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास ने निर्देशानुसार जिला कार्यालय में सोमवार को अपर कलेक्टर प्रदीप कुमार साहू द्वारा जनदर्शन कार्यक्रम का आयोजन कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनी गईं।

उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने यह हर आवेदनकर्ता को उनके प्रकरण के निराकरण की सूचना समय पर प्रदान करने को कहा। जनदर्शन में मुख्य रूप से राजस्व संबंधी मामले, दिव्यांग सहायता, रोजगार, अनुकंपा नियुक्ति, बिहान, सोलर पैनल मरम्मत आदि संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में कुल 17 आवेदन प्राप्त हुए।

> ■ प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध निराकरण को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

## रणजीता स्टेडियम में उमड़ा ऐतिहासिक जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्री बालाजी जनकल्याण समिति के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर रणजीता स्टेडियम जशपुर में भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को देखने भारी जनसैलाब उमड़ा, पूरा स्टेडियम दर्शकों से भरा रहा। इस ऐतिहासिक आयोजन को देखने आए दर्शक प्रतियोगिता देखने के साथ ही नागपुरी और बॉलीबुड के गानों में मस्त होकर झुमते नजर आए। यह आयोजन हमेशा से ही लोगों के लिए एक उत्सव की तरह रहा है।

न केवल जिले बल्कि अन्य राज्यों से भी इस प्रतियोगिता का आनंद लेने दर्शक भारी संख्या में पहुंचे थे। इस दौरान भव्य मटकी फोड़ प्रतियोगिता



कार्यक्रम में जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय एवं कल्याण आश्रम के महामंत्री योगेश बापट मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप जूदेव, नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव, जनपद अध्यक्ष गंगाराम भगत तथा समिति के संरक्षक श्री कृष्ण कुमार राय, श्री नरेश नन्दे, राज कपूर भगत, पुलिस प्रशासन, चिकित्सा विभाग, नगर पालिका विभाग, एसआईएस के जवान, पत्रकारगण,जनप्रतिनिधिगण सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के आयोजन में जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन का लगातार ⏭ शेष पेज 4 पर

### जनहानि के मामले में 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। बगीचा तहसील अंतर्गत ग्राम लोढ़ेन, निवासी साक्षी बाई का टॉयलेट के शोकता गड्ढा के पानी में डूबने से 16 अप्रैल 2024 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता राजकुमार राम एवं माता रजनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

## स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विद्यार्थियों ने किया जिला संग्रहालय एवं स्नेह भवन का भ्रमण



संग्रहालय में रखी वस्तुओं की जानकारी प्राप्त करते बच्चे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

कलेक्टर रोहित व्यास एवं जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025 अंतर्गत स्वामी आत्मानंद हिंदी माध्यम विद्यालय, जशपुर के विद्यार्थियों को जिला संग्रहालय एवं स्नेह भवन का भ्रमण कराया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई तथा जिला पंचायत सभागार में रजत जयंती संबंधी डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री अरविंद भगत भी उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को जशपुर की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर, परंपरागत परिधान तथा कर्मा एवं सरहुल जैसे लोकनृत्यों की विशेषताओं से अवगत कराया। साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा संचालित विकास कार्यों पर प्रकाश डाला। एसडीएम विश्वास राव मस्के के निर्देशानुसार यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर छत्तीसगढ़ शासन द्वारा रजत जयंती महोत्सव जनवरी माह तक निरंतर आयोजित किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों को छत्तीसगढ़ की गाथा, आदिवासी जीवन की झलक एवं प्राचीन परंपराओं को समझने और जानने का अवसर प्राप्त होगा।

### विभिन्न पदों पर संविदा भर्ती पात्र-अपात्र सूची जारी

**जशपुरनगर।** संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग अटल नगर रायपुर एवं जिला बाल संरक्षण ईकाई के विभिन्न पदों पर जारी विज्ञापन के परिप्रेक्ष्य मे महिला एवं बाल विकास विभाग जशपुर अन्तर्गत जिला बाल संरक्षण ईकाई में विभिन्न पदों पर एकमुश्त संविदा वेतन पर भर्ती के विज्ञापन जारी किया गया था। उक्त पदों में संविदा वेतन पर भर्ती के संबंध में प्रारंभिक पात्र-अपात्र सूची का प्रकाशन जिला जशपुर के वेबसाईट www.jashpur.nic.in तथा कार्यालय के सूचना पटल में जारी किया जा रहा है। समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुरूप किसी भी अभ्यर्थी को उपरोक्त प्रकाशित सूची में यदि कोई दावा आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो 18 से 27 अगस्त 2025 तक कार्यालयीन समय शाम 05.30 बजे तक रजिस्ट्रर्ड डाक अथवा कार्यालय में सीधे बंद लिफाफे के माध्यम से दावा आपत्ति का अभ्यावेदन जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास, संगम चौक, दरबारी टोली जशपुर के नाम से पत्र के साथ प्रेषित व जमा कर सकते है। निर्धारित समय के उपरान्त व अतिरिक्त किसी भी अन्य माध्यम से प्राप्त होने वाले दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

लीला देवी कॉलेज ऑफ नर्सिंग एण्ड फार्मेसी
• बी एससी नर्सिंग*
• डी फार्मेसी*
प्रस्तावित सत्र 2025-26 हेतु



विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा
सर्वोत्तम खेल परिसर एवं सुविधाएं
छात्रावास एवं परिवहन सुविधा
अत्यधिक सुसज्जित प्रयोगशालाएं
5000 पुस्तकों से युक्त समृद्ध पुस्तकालय
हरा और हाईटेक परिसर
योग्य एवं अनुभवी संकाय
108 बिस्तरों वाला पेरेंट हॉस्पिटल
मुख्य परिसर
लीलास नॉलेज पार्क, ब्लॉक - ए, बी, सी, ग्रेटर रायपुर, मोतीपुर, तह.-पाटन, जिला-दुर्ग
सिटी परिसर
लीलास फाउंडेशन फॉर एजुकेशन एंड हेल्थ, मुखर्जी हॉस्टल के पीछे संस्थागत क्षेत्र, गवर्नमेंट साइंस कॉलेज, रायपुर
91318 80895, 97706 60186, 70241 25200

### कलेक्टर ने टीम को गंभीरता से कार्य करने के दिए निर्देश

# तहसीलदारों और पटवारी की टीम डिजिटलक्रॉप फसल सर्वे का कर रही कार्य

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर जशपुर जिले में सभी तहसीलों में डिजिटलक्रॉप सर्वे किया जा रहा है। 15 अगस्त से शुरू हुआ यह सर्वे 30 सितम्बर तक चलेगा। डिजिटल का सर्वे का मुख्य उद्देश्य किसानों की वास्तविक फसल स्थिति का आकलन कर उन्हें राज्य एवं केंद्र शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है। इसके अलावा डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों की समृद्धि और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे खेती को नई तकनीक से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशन में जिले के सभी तहसीलदारों और पटवारी की टीम अपने प्रभार क्षेत्र के ग्रामों में डिजिटल फसल सर्वे का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप्प में



फसल की सर्वे करते पटवारी।


दर्ज करना होता है। साथ में फ़ोटो अपलोड करना होता है जिसके सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा। इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकेगा और जमीन की जो परिसम्मति है उनके संबंध में सही जानकारी प्राप्त होगी। खरीफ वर्ष 2025-26 हेतु जशपुर जिले के कुल 769 राजस्व ग्रामों में से 655 ग्रामों में डिजिटल क्रॉप सर्वे का कार्य किया जाना है। डीएससी का कार्य 15 अगस्त से प्रारम्भ कर 30 सितंबर तक पूर्ण किया जाएगा। इसी क्रम में जशपुर जिले में भी डीएससी का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। डीएससी के द्वारा फसलों की प्रविष्टि ऑनलाइन माध्यम से की जाएगी। जिससे गिरदावरी कार्य त्रुटि रहित पूर्ण हो सके। डीएससी कार्य हेतु सर्वेयर के रूप स्थानीय युवाओं का चिन्हांकन किया गया है। सर्वेयर मोबाइल के माध्यम से डीएससी का कार्य करेंगे। इस हेतु सर्वेयरों को डीएससी प्रदान की गई है। सर्वेयर्स को सर्वेक्षण करने हेतु प्रति खसरा 10 रुपये के मानदेय का प्रावधान है। जशपुर जिले के सभी तहसीलों से बड़ी संख्या में सर्वेयर्स का चिन्हांकन किया गया है जो डीएससी का कार्य पूर्ण करेंगे।



# द बैड्स ऑफ बॉलीवुड की पहली झलक आई सामने

**मुंबई।** बॉलीवुड के किंग खान यानी शाहरुख खान के बड़े बेटे आर्यन खान भी अब ओटीटी पर डेब्यू करने के लिए तैयार हैं। हालांकि, आर्यन पिता की तरह एक्टिंग में नहीं, बल्कि निर्देशक के तौर पर बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। आर्यन अपना डेब्यू ओटीटी से कर रहे हैं। रविवार को उनके डेब्यू शो 'द बैड्स ऑफ बॉलीवुड'की पहली झलक सामने आ गई है। 1 मिनट 26 सेकंड के इस वीडियो में आर्यन खान सबसे पहले नजर आते हैं। वो अपने इस शो के बारे में बताते हैं। आर्यन अपने पिता शाहरुख खान की फिल्म 'मोहब्बतें'का सुपरहिट डायलॉग 'एक लड़की थी दीवानी सी ' बोलते हैं।

लाइफ Style



# निधि


## 300 लड़कियों को हराकर किया डेब्यू

एजेंसी ⏭ मुंबई

रश्मिका मंदाना, श्रीलीला, उर्वशी रौतेला समेत कई ऐसी यंग एक्ट्रेसेज हैं, जिन्होंने अपनी डबल उम्र के सुपरस्टार संग बड़े पर्दे पर काम किया है। यहां हम आपको एक ऐसी एक्ट्रेस के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने 22 साल बड़े एक्टर संग रोमांस किया।

बॉलीवुड डेब्यू के लिए इस एक्ट्रेस ने 300 लड़कियों को हराकार रोल हासिल किया। श्रीलीला 'पुष्पा 2' से लाइमलाइट में आई। रश्मिका मंदाना ने सलमान खान संग सिकंदर में काम किया।उर्वशी रौतेला ने नंदमुरी बालाकृष्ण और सनी देओल संग काम किया। इन सभी जोड़ियों में काफी एज गैप था। इंडस्ट्री में एक और ऐसी एक्ट्रेस जिसने 22 साल बड़े सुपरस्टार संग रोमांस किया। अब तक एक भी ब्लॉकबस्टर नहीं दे पाई है, लेकिन बॉलीवुड से लेकर साउथ तक इसका जलवा है। इसकी कई पैन इंडिया फिल्म रिलीज हुई हैं। प्रभास के अपॉजिट भी दिखाई देंगी। इस एक्ट्रेस का नाम निधि अग्रवाल है। निधि का सफर एक छोटे शहर की लड़की से बड़े स्क्रीन की चमकदार हीरोइन बनने तक इंस्पिरेशन से भरा है। उन्होंने 2017 में रिलीज हुई फिल्म 'मुन्ना माइकल' के जरिए फिल्मी दुनिया में कदम रखा था. निधि को इस रोल के लिए 300 से ज्यादा लड़कियों के बीच से चुना गया था। निधि अग्रवाल की बचपन से ही डांस में रुचि थी। बैले से लेकर कथक और बेली डांस तक, निधि ने हर स्टेप को बड़ी मेहनत और लगन से सीखा। ये डांस का हुनर बाद में उनके अभिनय में जान डालता गया।

## हॉलीवुड मसाला



# द गॉडफादर ने बनाया इंटरनेशनल स्टार

**लॉस एंजिल्स।** जब भी हॉलीवुड के सबसे बेहतरीन अभिनेताओं की बात होती है, तो रॉबर्ट डी नीरो का नाम सम्मान के साथ लिया जाता है। डी नीरो सिर्फ एक अभिनेता नहीं, बल्कि एक ऐसा नाम हैं, जिन्होंने अपने अभिनय से सिनेमा को एक नई पहचान दी। उन्होंने सिर्फ किरदार नहीं निभाए, बल्कि उन्हें जिया, उनमें सांस ली और दर्शकों को यह यकीन दिला दिया कि पर्दे पर जो दिख रहा है, वह अभिनय नहीं, हकीकत है। डी नीरो का फिल्मी का1रियर 1968 की फिल्म 'ग्रीटिंग्स' से शुरू हुआ। लेकिन, 1974 में आई 'द गॉडफादर पार्ट II' ने उन्हें इंटरनेशनल लेवल पर स्टार बना दिया।



# बीमार एक्ट्रेस को डॉक्टर की बजाय झाड़-फूंक करवाने ले गई टीम

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस झाओ लुसी के साथ कुछ ऐसा हुआ है, जो आपका दिल दहला देगा। 26 साल की एक्ट्रेस ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर कर अपनी दर्दनाक आपबीती सुनाई है। रोजी झाओ के नाम से फैंस के बीच पॉपुलर एक्ट्रेस ने बताया है कि वह डिप्रेशन की बीमारी से जूझ रही हैं। लेकिन, हैरान करने वाली बात ये है कि उनकी इस मानसिक हालत में भी उनकी टैलेंट एजेंसी टीम ने उनका इलाज किसी एक्ट्रेस से करवाने की बजाय झाड़-फूंक का सहारा लिया है। झाओ ने आरोप लगाया है कि टैलेंट एजेंसी उनकी हालत के लिए 'भूत-प्रेत' को जिम्मेदार मानती है और इसे भगाने के लिए उन्हें मजबूर किया गया। मुझे एक होटल में बंद कर दिया और एक ओझा को बुलाकर मेरा भूत भगाने के लिए कह गया। 'द रोमांस ऑफ टाइगर एंड रोज' और 'हिडन लव' जैसी पॉपुलर सीरीज में काम कर चुकी झाओ लुसी को साल 2016 में 'वैरायटी' के सुपरहिट शो 'मार्स इंटेलिजेंस एजेंसी' में डेब्यू के साथ ही सफलता मिली थी।



# भारत माता की जय का लगाया नारा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर एक बार फिर सोशल मीडिया की हैडिंग में छा गई हैं। जन्माष्टमी उत्सव से उनका एक वीडियो सामने आया है। जहां वह दही हांडी फोड़ती दिख रही हैं। इस दौरान वह भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं। मगर इस वीडियो के देखने के बाद कुछ लोग उन्हें ट्रोल भी करने लगे। उनकी फिल्म परमसुंदरी 29 अगस्त को रिलीज हो रही है। जाह्नवी कपूर घाटकोपर के एक दही हांडी कार्यक्रम में शामिल हुईं। इस दौरान वह ट्रेडिशन अवतार में पहुंचीं। वह कलश उठाती हैं फूलों से भरी मटकी को फोड़ती हैं। उनके इर्द-गिर्द काफी भीड़ भी नजर आ रही हैं। इस कार्यक्रम के बाद जान्हवी कपूर का एक वीडियो भी इंस्टाग्राम पर काफी वायरल हुआ। दही हांडी फोड़ते हुए जाह्नवी कपूर भारत माता की जय का नारा भी लगाती हैं।



# कंगना के विवादित बयान पर छिड़ी बहस

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री से राजनेता बनीं कंगना रनौत अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। इस बार उन्होंने निशाना साधा है भारत में बढ़ती डेटिंग ऐप कल्चर पर। हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने डेटिंग एप्स को समाज का गटर बताते हुए कहा कि ये प्लेटफॉर्म 'असफल लोगों' के लिए हैं, न कि असली 'अचीवर्स' के लिए। कंगना के इस बयान के बाद सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई है। कई लोग जहां उनके विचारों से सहमत नजर आए, वहीं बहुतों ने उन्हें पुरानी सोच वाली और एकतरफा बताया। कंगना के इस बयान पर सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया है। कुछ लोगों ने कहा कि वो सही कह रही हैं और आज के रिश्तों में गहराई की कमी है। वहीं बाकी यूजर्स ने उन्हें जजमेंटल बताया और कहा कि डेटिंग एप्स से उन्होंने अपने सच्चे जीवनसाथी को पाया है।

## टीवी मसाला




# 7.50 लाख के सवाल पर ली 2 लाइफ लाइन! फिर भी हार गईं कल्याणी

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति 17' के चौथे एपिसोड में दो कंटेस्टेंट को हॉटसीट पर बैठने का मौका मिला। पहली कंटेस्टेंट कल्याणी ने शानदार खेल दिखाया, लेकिन 7.50 लाख रुपए के लिए पूछे गए सवाल से न सिर्फ उन्हें दुविधा हुई, बल्कि ऑडियंस का अंदाजा भी गलत साबित हुआ। सवाल जितना आसान लगता है, उतना है नहीं। कल्याणी ने 5 लाख के सवाल पर पहली लाइफ लाइन इस्तेमाल की. सवाल था- लगातार 16 सालों तक भुवनेश्वरी कुमारी ने किस खेल में राष्ट्रीय महिला एकल खिताब जीता है? विकल्प हैं- बैडमिंटन, टेबल टेनिस, स्क्वाश और टेनिस. कंटेस्टेंट ने विकल्प सी. स्क्वाश चुनकर 5 लाख रुपएजीते. उन्होंने बताया कि वे मां-बाप को भारत-भ्रमण के लिए 5 लाख रुपए देना चाहती हैं। उन्होंने आगे सुपर संदूक में 70 हजार जीते, जिससे एक लाइफ लाइन जिंदा कर ली।कल्याणी 7.50 लाख के सवाल पर अटक गईं। सवाल है- तुर्कमेनिस्तान में 'नर्क का द्वार'उपनाम वाले एक गैस क्रेटर का स्थानीय नाम क्या है, जहां लगभग आधी सदी से लगातार आग जल रही है?ए. दोजख, बी. जहन्नम, सी. कुआं, डी. दरवाजा। कंटेस्टेंट ने सवाल का सही जवाब देने के लिए पहले '50-50 लाइफ लाइन का इस्तेमाल किया। दो गलत जवाब हटने के बाद उन्हें 'जहन्नम-दरवाजा'विकल्प मिला। उन्होंने एक और लाइफ लाइन ऑडियंस पोल का इस्तेमाल किया। ज्यादातर ऑडियंस ने विकल्प 'जहन्नम'चुना। वे जनता के साथ जाती हैं और विकल्प बी को चुनती हैं, मगर यहां जनता गलत साबित होती है। 'दरवाजा'सही जवाब है। वे 5 लाख रुपए जीतकर घर लौटीं। वे काफी निराश थीं।

## फिर से निभाना चाहते हैं श्रीकृष्ण का किरदार



**नई दिल्ली।** टीवी धारावाहिक 'महाभारत' में जब नितीश भारद्वाज ने श्रीकृष्ण का किरदार निभाया, तब उन्होंने केवल एक भूमिका नहीं निभाई, बल्कि करोड़ों लोगों के दिलों में कृष्ण को जगा दिया। आज भी जब लोग उन्हें देखते हैं तो सहज ही उन्हें कृष्ण कहकर पुकारते हैं। उन्होंने कहा कि अब मेरी समझ और गहरी हो गई है। अगर मौका मिला तो मैं कृष्ण को पहले से भी बेहतर निभाऊंगा। नितीश भारद्वाज कहते हैं कि मेरे लिए जन्माष्टमी कोई बाहरी त्योहार भर नहीं है। मेरे लिए यह दिन अपने अंदर झांकने का होता है। मैं ध्यान करता हूं, गुरु से मिले मंत्र का जाप करता हूं और आत्मचिंतन करता हूं। पूजा-पाठ और परंपराएं जरूरी हैं, लेकिन असली कृष्ण हमें अपने अंदर ही मिलते हैं। बचपन की यादों को ताजा करते हुए अभिनेता बताते हैं कि तब दही हांडी केवल खेल नहीं था, बल्कि समाज को जोड़ने वाला त्योहार था। कृष्ण की माखन चोरी की लीला यही सिखाती है कि समाज के सभी लोग मिल-जुलकर रहें।

# कभी कुश्ती करते थे सुरेश वाडेकर प्रतियोगिता जीतकर बने गायक

**नई दिल्ली।** भारतीय संगीत जगत में कुछ आवाजें ऐसी होती हैं जो सीधे दिल को छू जाती हैं। सुरेश वाडेकर की आवाज उन्हीं में से एक है। एक ऐसा नाम, जो शास्त्रीय गायकी की गहराई से लेकर फिल्मी संगीत के हर रंग में निखरकर सामने आया। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि सुरेश वाडेकर पहले पहलवान बनना चाहते थे? कुश्ती के दांव-पेंच से लेकर माइक के सामने सुर साधने का उनका सफर बेहद प्रेरणादायक रहा है।

**प्रारंभिक जीवन :** सुरेश ईश्वर वाडेकर का जन्म 7 अगस्त 1955 को महाराष्ट्र के कोल्हापुर में एक मध्यमवर्गीय मराठी परिवार में हुआ था। उनके पिता ईश्वर वाडेकर मुंबई के लावर पड़ेरेल के गिरगांव इलाके में स्थित कपड़ा मिल में वर्कर थे, वहीं उनकी माता जी मजदूरों के लिए खाना बनाती थीं। परिवार जल्द ही गिरगांव में बस गया, जहां सुरेश का बचपन बीता।



### कुश्ती की प्रतियोगिताओं में लेते थे हिस्सा

बचपन से ही उनका रुझान शारीरिक खेलों की तरफ था। खासकर कुश्ती में उनकी गहरी दिलचस्पी थी। स्कूल और कॉलेज में वो अक्सर प्रतियोगिताओं में भाग लेते और अव्वल आते। उनका सपना था कि वो एक दिन पहलवान बनें, लेकिन किस्मत ने उनके लिए कुछ और ही सोच रखा था। सुरेश को खेलों के रुचि के साथ-साथ छोटी उम्र से ही भजन और संगीत सुनने का भी शौक था। पिता भी भजन गाया करते थे, जिससे घर में संगीत के संस्कार पनपने लगे। कम उम्र में ही उनके पिता ने उनकी गायकी में प्रतिभा देख ली और प्रारंभिक संगीत शिक्षा शुरू कर दी।

### पहलवान से कैसे बन गए गायक?

8 वर्ष की उम्र में सुरेश वाडेकर की संगीत प्रतिभा परंपरागत गुरु अचायरी जियालाल वसंत ने पहचानी और उन्हें ट्रेन करना शुरू किया। उन्होंने गुरुकुल पद्धति में शास्त्रीय संगीत की शिक्षा दी एवं गुरु के संरक्षण में स्कूली पढ़ाई भी की। बाद में प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से उन्होंने साल 1968 में प्रभाकर प्रमाणपत्र प्राप्त किया। इसके बाद वो मुंबई के आर्य विद्या मंदिर में संगीत शिक्षक के रूप में जुड़े और पेशेवर रूप में शिक्षा देना शुरू किया। कॉलेज के दिनों में उन्होंने संगीत प्रतियोगिता में भाग लिया और वहीं से उनके जीवन की दिशा बदल गई। जिस प्रतियोगिता में उन्होंने भाग लिया था, वो प्रतिष्ठित 'संगीत नाटक अकादमी' द्वारा आयोजित की गई थी। प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने के बाद उन्हें संगीत को कॅरियर बनाने की प्रेरणा मिली।

# बेहद खूबसूरत हीरोइन, सिर्फ 5 फिल्मों में किया था काम, शादी के बाद छोड़ा कॅरियर

**मुंबई।** बॉलीवुड की दुनिया फिल्मी के साथ-साथ चकाचौंध से भरी हुई है। यहां कई कलाकारों ने कॅरियर के पीक पर आकर रिस्क लिया। कुछ के लिए ये फायदेमंद साबित हुआ और कुछ की नैया डूब गई। आज हम आपको एक ऐसी ही अदाकारा के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसने एक्ट्रेस तब्बू के साथ डेब्यू किया था। फिर ए-लिस्टर एक्टर के साथ शादी की और पीक पर करियर छोड़ दिया। मगर रिश्ता ज्यादा दिन चला नहीं और इनका तलाक हो गया। पति को भी जेल हो गई। और मौत भी ठीक वैसे हुई, जैसे इनकी सास ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। आइए जानते हैं कि ये कौन हैं।

### देव आनंद की हीरोइन थीं

इस अदाकारा ने 1985 में आई 'हम नौजवान' से डेब्यू किया था। इसमें तब्बू और देव आनंद भी थे। इसके बाद इन्होंने सफलता के कदम चूम और इंसाफ की आवाज (1986), सड़क छाप (1987) और अनुभव (1987) में काम करने का मौका मिला। इनका नाम ऋचा शर्मा था, जो संजय दत्त की पहली पत्नी थीं।



### ऋचा शर्मा की डेब्यू मूवी

ऋचा शर्मा का जन्म 1964 में दिल्ली में हुआ था। लेकिन, बाद में वह फैमिली के साथ न्यूयॉर्क चली गई थीं। वह देव आनंद की बहुत बड़ी फैन थीं। अमेरिका में उनसे मिलीं तो हीरोइन बनने की इच्छा जता दी। हालांकि, वह 13-14 साल की थीं। जिस कारण देव आनंद फिल्मों में लेने से उन्हें कतरा रहे थे। मगर बाद में उन्होंने 1985 में आई मूवी में कास्ट कर लिया।

## खाने की खुशबू और मिठास भी दिखी 'लंच बॉक्स' में

# कुकिंग और खानपान पर बनी हैं ये बॉलीवुड फिल्में

*मुंबई। फिल्म 'हीर एक्सप्रेस' की रिलीज डेट आगे बढ़ गई है। यह फिल्म हीर (दिविता जुनेजा) पर आधारित है, जिसका सपना है शेफ बनना। अपने कुकिंग स्किल्स के जरिए भारतीय व्यंजनों को वह विदेश में पहुंचाने की कोशिश करती है। कुकिंग और खानपान की थीम पर और भी कई फिल्में काफी चर्चित हैं।*

**बावर्ची :** साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म बावर्ची में अभिनेता राजेश खन्ना को बावर्ची के रूप में दिखाया। फिल्म में राजेश खन्ना एक संयुक्त परिवार के लिए काम करने वाले बावर्ची की भूमिका में नजर आए। खानपान की थीम पर बनी इस फिल्म में भारतीय संस्कार, परंपराओं और पारिवारिक ढांचे को भी बड़ी खूबसूरती से दिखाया गया है। फिल्म का निर्देशन ऋषिकेश मुखर्जी ने किया।

**चीनी कम :** हिंदी सिनेमा के मेगा स्टार अमिताभ बच्चन की फिल्म चीनी कम की अनोखी प्रेम कहानी भी खाने से जुड़ी हुई है। यह फिल्म साल 2007 में रिलीज हुई। इस फिल्म में अमिताभ बच्चन ने 64 साल के शेफ का किरदार निभाया था। फिल्म में शेफ बने अमिताभ बच्चन को खुद से 30 साल छोटी तब्बू से प्यार हो जाता है। उनके बीच प्यार पनपने की वजह हैदराबादी पुलाव है, जो अमिताभ बहुत अच्छा बनाते हैं। फिल्म में अमिताभ बच्चन के इसी खूबी से तब्बू उनकी फैन बन जाती है।

### स्टेनली का डब्बा

यह फिल्म साल 2011 में रिलीज हुई। स्टेनली का डब्बा एक ऐसे बच्चे स्टेनली की कहानी है, जो अपने स्कूल कभी भी टिफिन बॉक्स नहीं लेकर इसलिए नहीं आता है, क्योंकि स्कूल के खडूस प्रिंसिपल को अपने स्टूडेंट्स के टिफिन बॉक्स खाने की गंदी आदत है। स्टेनली जब स्कूल में टिफिन नहीं लाता है, तो प्रिंसिपल उससे खार खाने लगता है। अमोल गुप्ते के निर्देशन में बनी इस फिल्म दिव्या दत्ता, पार्थ गुप्ते, दिव्या जगदाले, राज जुत्शी की मुख्य भूमिकाएं थी। इस फिल्म को कई इंटरनेशनल अवॉर्ड भी मिल चुके हैं।



**लंच बॉक्स :** खाने की खुशबू और मिठास इरफान खान की फिल्म 'लंच बॉक्स' में भी दिखी। यह फिल्म साल 2013 में रिलीज हुई। फिल्म में बहुत खूबसूरत और प्यारी सी लव स्टोरी को पेश किया गया था। फिल्म में निम्रत कौर और दिवंगत एक्टर इरफान खान लीड रोल में हैं।

**शेफ :** फिल्म 'शेफ' (2017) की कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जिसमें पिता अपनी जॉब की वजह से बेटे और परिवार की तरफ ध्यान नहीं दे पाता है। इसकी वजह से दोनों के रिश्तों में कड़वाहट आने लगती है। लेकिन इसके बाद वो अपनी नौकरी को छोड़कर परिवार के पास वापस आ जाता है और अपना खुद का फूड ट्रक बिजनेस खोलता है। इस फिल्म में सैफ अली खान ने शेफ की भूमिका निभाई थी।

***शर्मा जी नमकीन*** *: दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर ने अपनी आखिरी फिल्म 'शर्माजी नमकीन' (2022) में एक ऐसे व्यक्ति शर्मा जी की भूमिका निभाई थी, जिसे कंपनी से सेवानिवृत होने के बाद घर में खाली बैठना पसंद नहीं है। टाइमपास के लिए शर्मा जी किट्टी पार्टी में खाना बनाने का काम शुरू कर देते हैं। शर्मा जी के हाथ का बना खाना सभी को बहुत पसंद आता है। खाना बनाने का काम शर्मा जी अपने बच्चों से छुपाकर रखते हैं, लेकिन एक दिन उनकी पोल खुल जाती है।*

***तरला*** *: यह फिल्म 07 जुलाई 2023 को ओटीटी पर रिलीज हुई। यह खाने पर बनी फिल्म है। इसमें हुमा कुरैशी लीड रोल में हैं। दरअसल फिल्म, शेफ तरला दलाल की बायोपिक है और हुमा ने लीड रोल किया है। तरला दलाल भारत की पहली महिला शेफ थी, जिन्हे पाक कला के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।*

## खबर संक्षेप

### जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक 23 सितंबर को होने की संभावना

**बिश्रामपुर।** कोल इंडिया को वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 में 9277.09 करोड़ रुपए का अतिरिक्त मुनाफा हुआ है,ऐसे में इस बार कोलकर्मियों को दुर्गा पूजा के अवसर पर मिलने वाला सालाना बोनस पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रकम मिलने की उम्मीद है,ज्ञात हो कि पिछले माह देशव्यापी हड़ताल के दौरान मजदूर संगठनों ने कोलकर्मियों से कहा था कि हड़ताल सफल होती है तो बेहतर बोनस के लिए प्रबंधन पर दवाब बनाया जायेगा, बताया गया कि मानकीकरण समिति की बैठक 23 सितंबर को दिल्ली में कोल इंडिया प्रबंधन ने आयोजित की है,सालाना बोनस का फैसला जेबीसीसीआई मानकीकरण समिति की बैठक में ही होता आया है,जेबीसीसीआई सदस्यों द्वारा इस वर्ष एक लाख रुपए बोनस हेतु मांग की बात कही जा रही है, गौरतलब है कि इस वर्ष 22 सितंबर से दुर्गा पूजा शुरू होने वाली है,वर्ष 2024 में कोलकर्मियों को 93,750 रुपए और ठेका मजदूरों को 8.33 फीसदी बोनस दिए जाने पर सहमति बनी थी।

### सीईओ की पदस्थापना निरस्त करने की मांग सरपंच संघ ने मुख्य सचिव को सौंपा ज्ञापन

**प्रतापपुर।** जनपद पंचायत प्रतापपुर में विवादित अधिकारी जय गोविंद गुप्ता के सीईओ का प्रभार सौंपे जाने का आदेश अब बड़े विवाद का रूप ले चुका है। इसके विरोध में जनपद पंचायत अध्यक्ष सुखमनिया आयाम, उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य एवं अधिकांश ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने मुख्य सचिव, आदिम जाति कल्याण विभाग को लिखित ज्ञापन सौंपते हुए पदस्थापना को तत्काल निरस्त करने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि प्रतापपुर जनपद आज प्रदेश में ही नहीं बल्कि पूरे देश में चौथे स्थान पर पहुंचकर नया मुकाम हासिल कर चुका है। वर्तमान प्रभारी सीईओ डॉ. नृपेंद्र सिंह ने भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कुछ पंचायतों को नियमबद्ध तरीके से कार्य करने सख्ती दिखाई थी, जिससे कुछ सरपंच असंतुष्ट अवश्य हुए बार-बार हटाने की मांग कर रहे थे। लेकिन अधिकांश जनप्रतिनिधियों का मानना है कि जनपद की प्रगति को देखते हुए किसी विवादित अधिकारी को यहां पदस्थ करना उचित नहीं है। संघ का आरोप है कि जय गोविंद गुप्ता पूर्व में मैनपाट जनपद में सीईओ रहते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना की 11.60 लाख रुपये की राशि गबन करने के आरोपी हैं। इस मामले में थाना कमलेश्वरपुर में धारा 420 और 409 भादवि के तहत अपराध दर्ज है और मामला उच्च न्यायालय बिलासपुर में विचाराधीन है। जनप्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि यदि विवादित सीईओ का प्रभार प्रतापपुर को दिया गया तो व्यापक स्तर पर उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### ग्रामीण के घर चोरों का धावा, पार किया नकदी समेत 75 हजार के जेवर

**अम्बिकापुर।** ग्राम बाजारडांड निवासी ग्रामीण के घर का ताला तोड़ चोरों ने नकदी समेत लगभग 75 हजार कीमत के जेवरात पार कर दिया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम सरभंजा बाजारडांड़ निवासी उमेश कुमार गुप्ता आ. गरीबा साव 15 अगस्त के दिन पत्नी के साथ सुबह घर में ताला लगाकर गांव के हाई स्कूल में स्वतंत्रता दिवस मनाने गया था। , स्वतंत्रता दिवस मनाकर करीब 10.30 बजे घर वापस आया तो देखा घर का ताला टुटा हुआ और दरवाजा खुला था। अंदर जाकर देखा तो कमरे में बक्सा का ताला भी टूटा हुआ था, और बक्सा में रखे नगद 6 हजार रूपए सहित 75 हजार के सोने चांदी के जेवरात गायब थे। मकान मालिक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के विरूद्ध धारा 305(ए), 331(3) के तहत अपराध दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

### कल्याणपुर में वृद्ध ने घर समीप पेड़ पर लगाई फांसी

**बिश्रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम कल्याणपुर निवासी एक वृद्ध ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।लटोरी पुलिस ने बताया कि ग्राम कल्याणपुर भट्टीपारा निवासी 60 वर्षीय साधारण राम पिता हीरा सिंह गोंड ने रविवार को अज्ञात कारणों से घर से कुछ ही दूर एक महुआ पेड़ में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है।सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर विवेचना शुरू कर दी है।बताया गया कि मृतक वृद्ध ने पूर्व में भी आत्महत्या करने का असफल प्रयास किया था।

## दल से अलग होकर क्षेत्र में विचरण कर रहा हाथी

# घर से बाहर निकले वृद्ध को हाथी ने कुचल कर मार डाला, पत्नी ने भागकर बचाई जान



घटना स्थल पर लेगों की भीड़ व जांच करती पुलिस।



दंतैल।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बतौली/सेदम

दल से अलग होकर अकेले घूम रहे हाथी बीती रात बतौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत टीरंग के कोरकोट पारा में पहुंच गया। अचानक हाथी के गांव में आ जाने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। इधर गांव विचरण करने रहे हाथी ने जंगल के समीप एक घर को तोड़ने लगा। घर को क्षतिग्रस्त करने की आवाज आने पर जब वृद्ध बाहर निकला तो हाथी ने हमला कर उसे कुचल कर मार डाला। घटना को देख पत्नी किसी तरह भागकर जान बचाई। आज घटना की जानकारी लगने पर वन अमले की टीम ने मृतक के परिजन को सहायता राशि उपलब्ध कराई।

**खास बात**

- क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत, कर रहे रतजगा

जिले के बतौली, लुण्ड्रा सहित जशपुर सरहद पर हाथी का विचरण लगातार जारी है। शनिवार रात लुण्ड्रा वन परिक्षेत्र में दल से अलग होकर अकेला घूम रहा हाथी बतौली वन परिक्षेत्र में पहुंच गया। रात में हाथी ग्राम पंचायत टीरंग के कोरकोट पारा में जंगल किनारे घर बनाकर रह रहे ढेचकू पैकरा आ. रनसाय (65 वर्ष) के घर को तोड़ने लगा। घर को तोड़ने की आवाज सुनकर ढेचकू पैकरा घर से बाहर निकला तो हाथी को देख उसके होश उड़ गए। ग्रामीण हाथी से बचकर भाग पाता इससे पहले ही हाथी ने हमला कर उसे पटक कर मार डाला। जबकि पत्नी सुलरिया पैंकरा किसी तरह हाथी से बचकर बस्ती की ओर भाग अपनी जान बचाई और घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों द्वारा पटाखा फोड़ने तथा शोर मचाकर हाथी को जंगल की ओर खदेड़ा तब तक वृद्ध की घटना स्थल पर ही मौत हो चुकी थी।

**मानपुर में ढहाया घर**

दल से अलग हुए हाथी ने बीती रात ही मानपुर के जयनाथ नगेशिया के घर को क्षतिग्रस्त कर दिया और जंगल में विचरण कर रहा था। हाथी के जंगल में विचरण की जानकारी लगते ही मानपुर, टीरंग, बांसाझाल के लोगों में दहशत का माहौल है। सरगुजा में लगातार हाथियों ने डेरा जमाए हुए है जहां लुण्ड्रा के टानागढ़ 2618 में एक नर, एक मादा मैनपाट में 13 हाथी अब भी विचरण कर रहे है। बीती रात टीरंग में वृद्ध पर हमला करने के बाद जशपुर सरहद में चला गया है वन विभाग के मुस्तैद होने के बावजूद वृद्ध की जान चली गई।

**पुलिस व जनप्रतिनिधि पहुंचे घटना स्थल**

घटना की सूचना पर बतौली थाना प्रभारी चंद्रप्रताप तिवारी, एसआई संजय गुप्ता अपनी टीम के साथ घटना स्थल पहुंचे जहां शव का पीएम करा परिजनों को सौंप दिया गया है। इस दौरान भाजपा के देवनाथ सिंह , रज्जू राम, मंडल अध्यक्ष आशीष गुप्ता द्वारा भी पीड़ित परिवार से मिलकर संवेदना प्रकट की।

**उपलब्ध कराई गई सहायता राशि**

पीड़ित परिवार को 25 हजार की सहायता राशि उपलब्ध कराई गई है उन्हें 5 लाख 75 हजार की राशि और दी जाएगी। हाथी पर लगातार नजर रखी जा रही है और लोगों को सतर्क भी किया जा रहा है।

-विजय तिवारी, रेंजर

## ग्राम पंचायत मोहरसोप के ग्रामीण पिछले 10 दिनों से हाथी के उत्पात से परेशान

**बिहारपुर।** ग्राम पंचायत मोहरसोप के ग्रामीण पिछले दस दिनों से हाथी के उत्पात मचाने से परेशान है। आलम यह है कि शाम ढलते ही हाथी गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से गांव में पहुंच जमकर न सिर्फ उत्पात मचाते है बल्कि खेत में लगाए गए केला के पौधे व धान एवं मक्का की फसल को नुकसान पहुंचाते है। पिछले दस दिनों से हाथियों के गांव में आने का सिलसिला जारी है जिससे क्षेत्र के ग्रामीण रतजगा करने को मजबूर है।

- शाम ढलते ही गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान से गांव में पहुंच जाते है हाथी
- उखाड़े केला के पौधे, धान की फसल को पहुंचाया नुकसान

ओडगी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत मोहरसोप में 10 दिनो से रात के समय हाथी गांव में पहुंच खेतों में घुसकर जमकर उत्पात मचा रहे है। हाथी ने केले के दर्जनों पौधे उखाड़ फेंके और धान की फसलों को रौंद डाला जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार यह हाथी पिछले 10 दिनों से गांव के आसपास ही डेरा जमा रखे है जो शाम ढ़लते ही अचानक खेतों में पहुंच जाते है और घंटों तक खेतों में लगी धान एवं मक्का की फसल को खाते व रौंदते है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक हाथी ने सबसे पहले केले के बगीचे में प्रवेश कर कई पौधों को उखाड़ दिया और फिर धान की तैयार फसल को कुचल डाला। खेतों में लगी खड़ी हरी-भरी फसल देखते ही देखते बर्बाद हो गई। इधर खेत में हाथी के आने की जानकारी लगते ही ग्रामीण टॉर्च और लाठियां लेकर मौके पर पहुंचे तथा ढोल-नगाड़ा और पटाखों की आवाज से हाथी को भगाने की कोशिश की, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। ग्रामीणों ने बताया कि हाथियों का गांव में आकर फसलों को नुकसान पहुंचाने की कोई नई बात नहीं है। पिछले 8 से10 साल से इस क्षेत्र में हाथियों का आने जाने का सिलसिला जारी है। कई बार वन विभाग को सूचना देने के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं निकला है। ऐसे में दिन-रात मेहनत कर तैयार किए फसल को हाथियों द्वारा नुकसान पहुंचाते है जिससे किसानों के सालभर की कमाई बर्बाद हो जाती है।



**खेतों की रखवाली करना खतरनाक**

गांव के बुजुर्गों ने बताया कि हाथियों का झुंड पास के जंगल से अक्सर गांव स्थित खेतों में पहुंच जाते है और खेतों में लगाए गए केला, धान और मक्का की फसल को भारी नुकसान पहुंचाते है। हाथियों से खेतों में लगी फसल की रखवाली ग्रामीण करते है लेकिन रात के समय उनके लिए रखवाली करना काफी खतरनाक होता है।

**ग्रामीणों ने की मुआवजा की मांग**

ग्रामीणों ने वन विभाग और प्रशासन से तत्काल हाथियों को सुरक्षित तरीके से जंगल की ओर खदेड़ने तथा पीड़ित किसानों को शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं निकाला गया तो वे सामूहिक आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**बना रहें है मुआवजा प्रकरण**

गर्मी से ही दंतैल हाथी बिहारपुर क्षेत्र से लगे गुरू घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में है। बीच-बीच में गांव में आकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। पीड़ित किसानों के मुआवजा प्रकरण लगातार बनाई जा रही है।

-मेवा लाल पटेल, वन परिक्षेत्र अधिकारी

## 175 नग नशीले इंजेक्शन के साथ पकड़ा गया युवक, गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लखनपुर क्षेत्र में गश्त कर रहे संभागीय आबकारी उड़नदस्ता टीम को उस समय बड़ी सफलता हाथ लगी जब टीम ने न सिर्फ नशीले इंजेक्शन के मुख्य कारोबारी को गिरफ्तार किया बल्कि उसके पास से छिपा कर रखे भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन बरामद किया। आरोपी के विरूद्ध एनडीपीएस के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



संभागीय आबकारी उड़नदस्ता की टीम सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता के नेतृत्व में नशीले इंजेक्शन के कारोबारियों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है। बीती रात लखनपुर क्षेत्र में गश्त करने के दौरान सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता को मुखबिर से सूचना मिली कि थाना लखनपुर अंतर्गत जमगला निवासी प्रीतम कुमार रवि भारी मात्रा में नशीला इंजेक्शन लाकर घर से बेच रहा है। सूचना पर उड़नदस्ता टीम ने जमगला तालापारा निवासी प्रीतम कुमार रवि के घर दबिश दी और उसके घर की तलाशी लेने पर एक अल्मुनियम के बड़े ट्रक के अंदर गर्म कपड़े के बीच थैले में छुपा कर रखे 175 नग नशीला इंजेक्शन बरामद किया। संभागीय उड़नदस्ता की टीम ने आरोपी के एनडीपीएस एक्ट की धारा 22 सी के तहत अपराध दर्ज कर आज न्यायालय पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता द्वारा की गई, साथ में जिले के आबकारी उप निरीक्षक आकाश साहू भी उपस्थित रहे। कार्रवाई में मुख्य आरक्षक रमेश दुबे, अशोक सोनी, नगर सैनिक रणविजय सिंह एवं महिला सैनिक राजकुमारी सिंह सक्रिय रही।

सहायक जिला आबकारी अधिकारी रंजीत गुप्ता ने बताया कि सरगुजा, बलरामपुर और सूरजपुर जिले के लगभग 15 छोटे बड़े इंजेक्शन, कफ सिरप, टैबलेट विक्रेताओं को जेल डालने के कारण इन नशीले पदार्थों की कीमत में वृद्धि हो गई है। अब बेचने वाले कम लोग रह गए हैं, जिसके कारण 250 रुपए में बिकने वाला नशीला इंजेक्शन आज 1 हजार रुपए में बिक रहा है। अब दो-चार लोग ही बचे हैं जिनको जेल में डालने से काफी हद तक नशीले पदार्थों की बिक्री में कमी आएगी।

### बाइक की टक्कर से गंभीर ग्रामीण की गई जान

**अम्बिकापुर।** सीतापुर थाना अंतर्गत ग्राम सरईपारा निवासी सीताराम आ. स्व. विष्णु घासी (60 वर्ष) 11 अगस्त की रात परिवार के साथ गांव के रिश्तेदार के यहां गए थे। रात में सभी पैदल वापस घर आ रहे थे। इसी दौरान रास्ते में विपरीत दिशा से आ रहे बाइक के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए वृद्ध को टक्कर मार दी जिससे वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल को सीतापुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान आज सुबह मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सरपंच एवं पंच ने कराई जर्जर सड़क की मरम्मत

**प्रेमनगर।** पिछले दिनों हुई लगातार भारी बारिश के बाद बरगाहपारा की कच्ची सड़क के कीचड़ में तब्दील हो गई जिससे लोगों को आने जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। क्षेत्र के लोगों ने कच्ची सड़क के जर्जर हो जाने तथा आवागमन में हो परेशानी से क्षेत्र के सरपंच व पंच को अवगत कराया। जिस पर सरपंच एवं पंच ने अपने खर्च से जर्जर सड़क की मरम्मत कराई। सड़क के मरम्मत हो जाने से क्षेत्र के लोगों ने राहत की सांस ली। ग्राम गोविंदपुर के बरगाहपारा में भारी वर्षा के चलते कच्ची मुख्य मार्ग पर जगह जगह गड्ढे हो जाने तथा बारिश के दौरान मार्ग के कीचड़ में तब्दील हो जाने से लोगों को न सिर्फ आवागमन में परेशानी होती बल्कि हर समय दुर्घटना की संभावना बनी रहती। सड़क की खराब स्थिति की जानकारी वार्डवासियों ने ग्राम पंचायत सरपंच रंगसाय मरपच्ची और पंच श्रीमती मंजू को दी। जानकारी मिलते ही दोनों जनप्रतिनिधियों ने त्वरित पहल करते हुए मौके पर पहुंच कर स्थिति का जायजा लिया। तत्पश्चात स्वयं के ख़र्च पर तुरंत जेसीबी मशीन की व्यवस्था कर जर्जर सड़क की मरम्मत का कार्य प्रारंभ कराया गया। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और सरपंच एवं पंच के त्वरित निर्णय एवं सक्रियता की सराहना की। ग्रामीणों ने बताया कि समय पर की गई पहल जनप्रतिनिधियों की संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का परिचायक है।



## देहदान करने वालों के परिवारों को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरगुजा जिला ने पूरे प्रदेश के लिए एक नई और प्रेरणादायी मिसाल पेश की है। इस राष्ट्रीय पर्व पर देहदान करने वाले परिवारों को सम्मानित करने वाला सरगुजा प्रदेश का पहला जिला बन गया है।

भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा के चेयरमैन आदित्येश्वर शरण सिंह देव द्वारा जिला कलेक्टर को अवगत कराकर इस प्रेरणादायी पहल का सुझाव दिया गया। जिला प्रशासन ने इसे स्वीकारते हुए उन परिवारों को विशेष सम्मान प्रदान किया जिन्होंने समाज सेवा की राह में अपना अमूल्य योगदान दिया है। इस अवसर पर स्व. विजय कुमार पटेल, स्व. डॉ. भागीरथी गौराहा एवं स्व. श्रीमती अंजनी भगत के परिवारों को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके महान निर्णय और समाज में देहदान व अंगदान की जागरूकता को बढ़ावा देने के प्रति कृतज्ञता व श्रद्धांजलि स्वरूप अर्पित किया गया। भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी, जिला शाखा सरगुजा, निरंतर रक्तदान, नेत्रदान, अंगदान और देहदान जैसे जीवनदायिनी अभियानों के माध्यम से एक जीवन से अनेक जीवन बचाने का कार्य कर रही है। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी ने ने लोगों से आह्वान किया है कि हम सब मिलकर इस महान परंपरा को आगे बढाएं। रक्तदान, अंगदान और देहदान जैसे संकल्प केवल जीवन बचाते ही नहीं, बल्कि समाज में मानवीय संवेदनाओं को भी सशक्त बनाते हैं। आपका छोटा सा योगदान किसी अन्य के लिए नई जिंदगी की सबसे बड़ी सौगात बन सकता है।



### हेल्थ टॉक एवं निःशुल्क परामर्श शिविर विशेषज्ञ चिकित्सक ने दी सेवाएं

**अंबिकापुर।** पुलिस अधिकारी-कर्मचारियों, उनके परिवारों की स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों कों दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा हेल्थ टॉक एवं निःशुल्क परामर्श शिविर लगाया गया। इस शिविर में राम कृष्ण केयर हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दी। शिविर के दौरान एएसपी अमोलक सिंह ढिल्लों ने कहा कि सरगुजा पुलिस द्वारा पुलिस वेलफेयर अंतर्गत एक दिवसीय हेल्थ टॉक एवं निशुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. राहुल पाठक ने पुलिस की कार्यशैली को देखते हेतु कमर, गर्दन, पैर एवं मस्तिष्क संबंधी रोगों, उनके उपचार एवं घरेलू निदान के सम्बन्ध मे चर्चा की गई। इस दौरान उप निरीक्षक अश्वनी दीवान, सउनि मनोज सिंह सहित अन्य मौजूद थे। , सहित विभिन्न सामाजिक संगठन नवाबिहान एवं काफी संख्या मे पुलिस अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## झूठा सारे लोक में, नातों का यह जाल सत्य-प्रेम की मूर्ति हैं, एक यशोदा लाल

**अम्बिकापुर।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर तुलसी साहित्य समिति के द्वारा केशरवानी भवन में गीता मर्मज्ञ ब्रह्माशंकर सिंह की अध्यक्षता में सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं. रामनारायण शर्मा और विशिष्ट अतिथि पं.सच्चिदानंद पांडेय थे। गोष्ठी का शुभारंभ वरिष्ठ कवि बीडी लाल द्वारा रचित ग्रंथ 'श्रीकृष्ण चरितम्' के सस्वर पाठ से हुआ।

विचारक ब्रह्माशंकर सिंह ने श्रीकृष्ण को पूर्ण पुरुषोत्तम भगवान विष्णु का पूर्णावतार बताते हुए कहा कि श्रीकृष्ण ने संसार को निष्काम कर्म की शिक्षा दी। उन्होंने कर्म करने और कर्म को ही अपना धर्म मानने की सलाह दी। आज के लोग फल यानी परिणाम को ध्यान में रखकर कर्म करते हैं, जो कि उनके हाथ में होता ही नहीं हैं। फलस्वरूप वे दुख व चिन्ता के भागी बनते हैं। पं. रामनारायण शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण का प्राकट्य ऐसे समय में हुआ जब अन्याय और अत्याचार चरम पर था। कंस अपने पिता को कैद कर स्वयं राजा बनकर पूरे राज्य में आतंक फैला देता है। ऐसे महा अंधकार की बेला में भगवान विष्णु श्रीकृष्ण के रूप में अवतरित होकर दुष्टों का विनाश और सज्जनों की रक्षा करते हैं। पेंशनर समाज के जिलाध्यक्ष हरिशंकर सिंह ने गीता को सम्पूर्ण वेदों का सार बताया और कहा कि इससे लोक की सारी समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। व्याख्याता सच्चिदानंद पांडेय ने कृष्ण को प्रकृति का महान, प्रमी व संरक्षक बताया। काव्य गोष्ठी में संस्था के अध्यक्ष दोहाकार व शायर मुकुंद लाल साहू ने अपने दोहे में भगवान कृष्ण को सत्य व प्रेम की प्रतिमा बताया- झूठा सारे लोक में, नातों का यह जाल। सत्य-प्रेम की मूर्ति हैं, एक यशोदा लाल। कवि जयंत खानवलकर ने अपने गीत में गोविंद से दर्शन देने का अनुनय किया- हे नन्दलाला, मदनगोपाला सुन लो अरज हमारी। कष्ट निवारो, दर्शन दे दो, मोर-मुकुट गिरधारी। यही बात कवि रामलाल विश्वकर्मा ने भी कही- गोकुल को छोड़कर मथुरा में बसे हो श्याम। इतना तो बता देते गोकुल कब आओगे। गोष्ठी में कवि प्रकाश कश्यप ने अपने दोहे में गीता के उपदेश से जगत में परिवर्तन होने का विश्वास व्यक्त किया- गीता में श्रीकृष्ण ने, दिया यही उपदेश। निज क्षमता पहचानिए, बदलेगा परिवेश। वरिष्ठ कवयित्री मीना वर्मा ने श्रीकृष्ण से सहज प्रेम-संबंध का जिक्र किया- नइ जानव, नइ जानव रे संगी, मया-पिरित के डोर कइसे बांधिन नइ जानव रे। वरिष्ठ कवि जय गुप्त ने देह के नाशवान होने व यशकाया के अमर होने का वर्णन अपने काव्य में किया- अर्जुन को दे गीता-ज्ञान जो महासमर जिताता है। कवि श्याम बिहारी पांडेय को श्याम के आने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कविता द्वारा सबको यही आश्वासन भी दिया कि- देहाभिमान का जब नाश होता है, आएंगे फिर से कान्हा विश्वास होता है। इन कवियों के अलावा गोष्ठी में वरिष्ठ गीतकार देवेन्द्रनाथ दुबे, विनोद तिवारी, आचार्य दिग्विजय सिंह तोमर, चन्द्रभूषण मिश्र, अजय सागर, राजेन्द्र राज, मनव्वर अशरफी और शायर-ए-शहर यादव विकास ने भी श्री कृष्ण भक्ति विषयक सरस कविताओं की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम को यादगार बनाया।



### ओपीएस में हर्षोल्लास से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



**अम्बिकापुर।** ओरिएंटल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्कूल के प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित सभी शिक्षकों एवं छात्रों ने राष्ट्रगान गाया तथा तिरंगे को सलामी दी। प्राचार्य ने अपने भाषण के माध्यम से स्वतंत्रता के महत्व और जिम्मेदारियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए देशभक्ति, सहिष्णुता, सदभाव, वैज्ञानिक व तार्किक सोच और देशप्रेम का संदेश दिया तथा क्रांतिकारियों द्वारा दी गई कुर्बानियों को याद करते हुए उनसे सीख लेने को प्रेरित किया। इसके उपरांत छात्रों ने अनुशासन से परेड प्रस्तुत किया। परेड के बाद विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों दी गई। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया।

**न्यायालय तहसीलदार, कांसाबेल, जिला - जशपुर (छ.ग.)**
रा.मा.क्र. / /ब-121/2024-25
ग्राम - बरजोर तह. - कांसाबेल

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम जनता ग्राम पंचायत बरजोर को सूचित जाता है, कि आवेदक हरसन राम जाति भुईहर, निवासी ग्राम बरजोर, तहसील कांसाबेल, जिला जशपुर (छ.ग.), के द्वारा अपने चाचा स्व. सजन राम जो कि परियोजना अधिकारी एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना बागबहार में भृत्य के पद पर पदस्थ थे, तथा सेवाकाल में ही दिनॉक 25 .01.2021 को आकस्मिक निधन हो गया है, एवं पत्नी की भी मृत्यु हो चुकी है। नि :संतान होने से उसके चाचा के द्वारा सेवा पुस्तिका में दत्तक पुत्र के नाम से आवेदक का नाम नामांकित किया गया है। विभाग द्वारा वारिसान प्रमाण पत्र की मांग किये जाने वारिसान प्रमाण पत्र दिये जाने का आवेदन पत्र सह दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। जो जांच कर जांच हेतु प्राप्त।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा मान्य अधिवक्ता अथवा वैध अभिकर्ता के मय दस्तावेज जो हो दिनांक 29 .08 .2025 तक अधोहस्ताक्षर कर्ता के न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत तिथि पश्चात प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14 .08 .2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कांसाबेल जिला जशपुर (छ.ग.)**

## खबर संक्षेप

### गारे परियोजना से गांवों में बदलाव

**रायगढ़।** तमनार तहसील के 14 गाँवों में बदलाव की बयार है। महाराष्ट्र राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (महाजेनको) द्वारा 7500 करोड़ की गारे-पामा सेक्टर-II कोयला खदान परियोजना शुरू की जा रही है। इसके तहत 2500 भूमिधारी परिवारों को औसतन 35 लाख प्रति एकड़ मुआवज़ा और 500 करोड़ का पुनर्वास पैकेज मिलेगा। परियोजना से 2000 प्रत्यक्ष और हज़ारों परोक्ष रोजगार सृजित होंगे। किसानों का कहना है कि अब वे नया मकान बना पाएँगे और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकेंगे। हर साल यहाँ से 2.36 करोड़ टन कोयला निकलेगा, जिससे राष्ट्रीय ग्रिड को 3200 मेगावाट बिजली मिलेगी और सरकार को लगभग 40,000 करोड़ का राजस्व प्राप्त होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए कंपनी 2256.60 हेक्टेयर पर 56 लाख पौधे लगाने की योजना बना चुकी है।

### कांग्रेस कार्यालय में फहराया गया तिरंगा

**खरसिया।** देश के 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मदनपुर खरसिया बैरियर चौक स्थित कांग्रेस कार्यालय में ध्वजारोहण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अभय मोहंती, विशिष्ट अतिथि प्रिंस सलूजा और मनोज गबेल मौजूद रहे। तिरंगा फहराते ही उपस्थित कांग्रेसजनों ने तालियों की गड़गड़ाहट और भारत माता की जयकारों से वातावरण को देशभक्ति से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर कांग्रेसजन नीरज पटेल, रामकिशुन आदित्य, परीक्षित राठौर, बरतराम डनसेना, सरोज चौहान, जैकी चौहान, राजकुमार समेत सैकड़ों की संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे।

### सांसद राठिया के हाथों सम्मानित हुए अमित

**सरसीवा।** 15 अगस्त को जिला सारंगढ़ के खेलभाटा में पुरस्कार वितरण एवं सम्मान समारोह कार्यक्रम में अपनी कर्तव्य निष्ठा और सेवा के प्रति तात्पर्यता के लिए बिलाईगढ़ ब्लाक के खाद्य सहायक अधिकारी अमित शुक्ला को माननीय कलेक्टर संजय कन्नौजे के द्वारा विशेष सम्मान के लिए नामांकित किया गया। पूर्व में बिलाईगढ़, भटगांव और सरसीवा क्षेत्र के पोषण एवं खाद्यान्न वितरण केंद्र का भौतिक सत्यापन एवं धान उपार्जन केन्द्रों में सतत निरीक्षण और अपने कार्य के प्रति निष्ठा और ईमानदारी के साथ साथ अपने कार्य को तत्परता के साथ विशेष रूप से कार्य करने पाए जाने पर उनकी उत्कृष्ट सेवाओं को सराहते हुए सारंगढ़ जिला कलेक्टर ने उनको 15 अगस्त के सम्मान एवं पुरस्कार वितरण हेतु अंकित किया था जिसमें यह सम्मान उन्हें सांसद राधेश्याम राठिया के हाथों से सम्मान पत्र दिया गया।

### रमापति विद्यालय चंद्रपुर में प्रभात फेरी व झांकी

**चंद्रपुर।** 15 अगस्त को रमापति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चंद्रपुर (हिंदी और अंग्रेजी माध्यम) में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। विद्यालय प्राचार्य शिवनाथ पटेल और प्रधान अध्यापिका रीता साहू ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया। इसके बाद पूरे नगर में भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में विद्यार्थियों ने भारत माता, महात्मा गांधी, भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद और सुभाषचंद्र बोस सहित देश के अमर शहीदों की झांकियां प्रस्तुत कीं। वहीं छत्तीसगढ़ की संस्कृति और राष्ट्रीय एकता का संदेश देने वाले गेटअप भी आकर्षण का केंद्र रहे। झंडा गीत और जयकारों से पूरा नगर गूंज उठा। स्काउट और गाइड के बच्चों ने बैंड-बाजे के साथ मार्च किया। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर रामकृष्ण साहू और उनकी सुपुत्री सौम्या साहू की उपस्थिति रही।

### न्यायालय परिसर में फहराया तिरंगा

**कूड़ेकेला।** स्वाधीनता दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवाएं समिति की अध्यक्ष श्रीमती प्रिया रजक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया इस अवसर पर न्यायालीन कर्मचारी थाना स्टॉफ अधिवक्ता गण पैरलीगलवालिंटियर मौसमी शर्मा, सावित्री डनसेना, सदानंद उपस्थित थे।

## बच्चों के हक पर विभाग की लापरवाही भारी, दो महीने बाद भी सीटें खाली

# प्राइवेट स्कूलों में एक-तिहाई पढ़ाई पूरी आरटीई में अब तक एडमिशन अधर में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

गरीब तबके के बच्चों को निजी स्कूलों में पढ़ाई का अधिकार दिलाने के लिए बनाई गई आरटीई योजना जिले में मज़ाक बनकर रह गई है। शिक्षण सत्र शुरू हुए दो महीने हो चुके हैं, लेकिन अब भी 569 सीटें खाली हैं। वहीं विभाग की लापरवाही का आलम यह है कि प्राइवेट स्कूलों को आरटीई का 35 करोड़ रुपए का भुगतान पिछले चार साल से अटका पड़ा है। सवाल उठता है कि जब विभाग न तो समय पर एडमिशन करा पा रहा और न ही स्कूलों को भुगतान कर रहा, तो आखिर योजना किसके लिए चलाई जा रही है?

पिछले साल जिले के 244 स्कूलों में 2088 सीटें आरक्षित थीं, जिन पर 4678 आवेदन आए। इस बार पाँच स्कूल कम होकर 239 रह गए, लेकिन सीटें बढ़कर 2132 हो गईं। आवेदन घटकर केवल 3472 रह गए। पहले चरण में 1541 और दूसरे चरण में 22 सीटों का आवंटन हुआ। यानी कुल 1563 सीटें भर पाई हैं। बाकी 569 सीटों पर अब तक कोई फैसला नहीं हो सका है।




### नियमों में बदलाव जरूरी

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत योजना का लाभ जरूरतमंद छात्रों को निःशुल्क शिक्षा देना है। लेकिन नियम ऐसे है जिसके कारण जरूरतमंद छात्रों को इसका फायदा नहीं मिल रहा है। आरटीई के प्रवेश के लिए 2011 में गरीबी रेखा सूची की आवश्यकता होती हे। इसमें उनके परिवार का नाम होना चाहिए। 14 साल पुरानी सूची होने के कारण बहुत सारे परिवार के बच्चे आवेदन ही नहीं कर पाते हैं। इस प्रकार गरीब और जरूरतमंद होने के बावजूद भी बड़ी संख्या में बच्चे नियमों के कारण प्रवेश नहीं ले पाते हैं।

### सीटें बढ़ीं आवेदन घटे सिस्टम बेअसर

पिछले साल जिले के 244 स्कूलों में 2088 सीटें आरक्षित थीं, जिन पर 4678 आवेदन आए थे। इस बार पाँच स्कूल कम होकर 239 रह गए, लेकिन सीटें बढ़कर 2132 हो गईं। इसके बावजूद आवेदन घटकर 3472 रह गए। इस बार पहले चरण में 1541 और दूसरे चरण में सिर्फ 22 सीटों का आवंटन हुआ। यानि कुल 1563 सीटें ही भर पाईं और बाकी 569 सीटें अब भी अधर में हैं।

### अभिभावकों की नाराज़गी

अभिभावक खुले तौर पर विभाग की धीमी गति पर सवाल उठा रहे हैं। उनका कहना है कि स्कूल मार्च-अप्रैल से ही नया सत्र शुरू कर देते हैं और अगस्त तक आधा पाठ्यक्रम पूरा हो जाता है। ऐसे में जुलाई-अगस्त में एडमिशन पाने वाले बच्चे पीछे रह जाते हैं। पुसौर तहसील की एक अभिभावक ममता साहू ने कहा कि सरकार कहती है कि गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा का अवसर दे रही है, लेकिन जब एडमिशन ही समय पर नहीं होगा तो बच्चों को नुकसान ही होगा। विभाग कागजों में काम पूरा दिखा रहा है, ज़मीनी हकीकत बिल्कुल अलग है।"

### 35 करोड़ बकाया, स्कूलों का मोहभंग

सबसे बड़ा सवाल विभाग पर 35 करोड़ रुपए के बकाया भुगतान को लेकर है। जिले के प्राइवेट स्कूल संचालक बताते हैं कि चार वर्षों से आरटीई का पैसा अटका पड़ा है। इस वजह से स्कूलों का मोहभंग हो रहा है और कई संस्थान आरटीई से किनारा कर रहे हैं। एक संचालक ने नाम न छापने की शर्त पर कहा जब सरकार भुगतान नहीं कर रही, तो बच्चों को एडमिशन देने का बोझ हम क्यों उठाएं? विभाग की उदासीनता से योजना दम तोड़ रही है।"

### होगी भर्ती

आरटीई के तहत दो चरणों में प्रवेश लिया जा चुका है। तीसरे चरण की तैयारी चल रही है। हां इस साल प्रवेश लेने में थोड़ी देरी तो हुई है। मगर हमारा प्रयास है कि बहुत जल्द इस प्रक्रिया को पूरा कर लिया जाए।

केवी वेंकट राव
जिला शिक्षा अधिकारी, रायगढ़




# ओवरब्रिज पर दो बाइक भिड़ीं, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जन्माष्टमी मेला देखने आए युवकों की रात अचानक मातम में बदल गई, जब जूटमिल थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज पर दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। इस दर्दनाक हादसे में 19 वर्षीय देवानंद महंत की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसके तीन साथी गंभीर रूप से घायल हो गए।

■ जन्माष्टमी की खुशियां मातम में बदल गईं

जानकारी के अनुसार, पूंजीपथरा तराईमाल निवासी देवानंद महंत अपने मित्र श्रवण के साथ और बांजीनपाली निवासी महेन्द्र घटकवार अपने दोस्त रविकांत बेहरा के साथ मेला देखने रायगढ़ पहुंचे थे। रात लगभग 12 बजे वे लौटते समय ओवरब्रिज पर पहुंचे ही थे कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसे के बाद आस-पास मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और चारों युवकों को रायगढ़ मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया। यहां गंभीर रूप से घायल देवानंद ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उसके साथी श्रवण की हालत अभी भी गंभीर बताई जा रही है और उसका इलाज मेडिकल कॉलेज में जारी है। वहीं, महेन्द्र और रविकांत को परिजनों ने पास के निजी अस्पताल में भर्ती कराया है। दोनों बाइकों के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने से हादसे की गंभीरता साफ झलक रही थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में अंधेरे और तेज रफ्तार को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। इस दुर्घटना से मेला क्षेत्र और गांवों में मातम पसर गया। परिजन और दोस्त शोक में डूबे हुए हैं।

## मध्यप्रदेश के विदिशा में आयोजित होगी सेना भर्ती रैली

**रायगढ़।** सेना भर्ती कार्यालय भोपाल द्वारा आयोजित की जा रही सेना भर्ती रैली आगामी 22 अगस्त से 02 सितम्बर तक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स स्टेडियम विदिशा मध्यप्रदेश में संपन्न होगी। इस भर्ती रैली में मध्य प्रदेश के साथ साथ छत्तीसगढ़ राज्य के उम्मीदवार भी भाग लेंगे।

सेना भर्ती कार्यालय रायपुर से प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थियों के लिए 31 अगस्त से 01 सितम्बर तक का समय निर्धारित किया गया है। यह भर्ती रैली केंद्रीय नियंत्रण श्रेणी के अंतर्गत आने वाले निम्नलिखित पदों के लिए आयोजित की जा रही है। जिसमें सिपाही फार्मा, सिपाही तकनीकी नर्सिंग सहायकए धर्म गुरु जेसीओ, जेसीओ केटरिंग, एजुकेशन हवलदार और हवलदार सर्वेयर ऑटोमेटेड कार्टोग्राफर पद के शामिल है। इन पदों पर वहीं अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे, जिन्होंने जून जुलाई 2025 में सेना द्वारा आयोजित कॉमन एंट्रेंस एग्जाम सीईई में सफलता प्राप्त की है। रैली के दौरान शारीरिक दक्षता परीक्षण, दस्तावेजों की जांच, और चिकित्सा परीक्षण किया जाएगा। रैली में भाग लेने वाले योग्य अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र शीघ्र ही उनके ई मेल पर भेज दिए जाएंगे।

### अभ्यर्थियों के लिए निर्देश जारी

भर्ती स्थल पर प्रवेश केवल एडमिट कार्ड पर अंकित तिथि और समय के अनुसार ही दिया जाएगा। दौड़ का आयोजन रात 1 बजे से प्रारंभ होगा, अतः अभ्यर्थियों को समय से पहले पहुंचना अनिवार्य है। उम्मीदवारों को एडमिट कार्ड, सभी मूल प्रमाण पत्र, रैली अधिसूचना में मांगे गए दस्तावेज एवं आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर साथ लाना अनिवार्य है।

### वाच टावर के पास किसान की बाइक चोरी

**पुसौर।** ग्राम आरमुडा निवासी किसान पालुराम पटेल स्वतंत्रता दिवस की सुबह अपनी हीरोहोंडा डीलक्स बाइक (क्रमांक सीजी 13 जे 4272) लेकर खेत गए थे। उन्होंने बाइक एनटीपीसी लारा परियोजना के वाच टावर क्रमांक-6 के पास खड़ी की और खेत में काम करने चले गए। दोपहर को लौटने पर बाइक गायब मिली। उन्होंने आसपास तलाश की लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। अंततः उन्होंने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि चोरी की वारदातें आए दिन हो रही हैं, परंतु लोग कार्यवाही के झंझट से रिपोर्ट दर्ज नहीं कराते। वाच टावर में लगे सीसी कैमरों की उपयोगिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि कैमरों की फुटेज खंगालकर चोरी की जांच की जाए और अपराधियों तक पुलिस पहुंचे।

## सेंट जेवियर्स पत्थलगांव में स्वतंत्रता दिवस का जश्न



**पत्थलगांव।** सेंट जेवियर्स अंग्रेजी माध्यम स्कूल पत्थलगांव में स्वतंत्रता दिवस बडे.धूमधाम से मनाया गया।

मुख्य अतिथि उप प्राचार्य श्रद्धेय फादर सिलास टोप्पो ये.स., विशिष्ट अतिथि प्राचार्य श्रद्धेय फादर सुनील कुमार खलखो ये.स. थे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों का स्कूल म्यूजिक बैंड की सुन्दर एवं आकर्षक प्रस्तुति द्वारा स्वागत के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वाजारोहण किया गया और राष्ट्रीय गान गाया गया। इसके बाद स्कूल के चारों दल लोयोला, कोस्तका, जेवियर, गोन्जागा के विद्यार्थियों ने शानदार परेड करते हुए तिरंगे झण्डे की सलामी दी। विद्यार्थियों का परेड देशप्रेम से इतना प्रेरित था कि दर्शकों को दिल्ली परेड का एहसास दिलाया। बच्चों एवं विद्यार्थियों का परेड को देखकर सभी दर्शक मंत्रमुग्ध हो गये। इसी कड़ी में लोगों के दिलों को देशभक्ति और उत्साह से भरने के लिए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सभी कार्यक्रम देशभक्ति और प्रेम से परिपूर्ण था। आज के मुख्य अतिथि श्रद्धेय फादर सिलास टोप्पो ने कहा कि '' देश की एकता और अखण्डता को बरकरार रखने के लिए, देश को स्वच्छ, शिक्षित एवं विकसित करने के लिए और देश को उन्नति की शिखर पर ले जाने के लिए अपने आप को देशप्रेम एवं भक्ति से सराबोर करना है।'' आज के सुन्दर कार्यक्रम से अत्यंत प्रभावित हो करके प्राचार्य श्रद्धेय फादर सुनील कुमार खलखो ये.स. ने सबको बधाई दी और इसी तरह कठिन परिश्रम करके हर मुकाम पर सफलता पाने के लिए प्रोत्साहन दिया। कार्यक्रम का अन्त सभी दर्शकों को मिष्ठान वितरण के साथ किया गया। उपस्थित सभी लोग देशप्रेम और भक्ति का अनुभव लेकर अपने घर की ओर प्रस्थान किये।

## उल्टा फहराया तिरंगा संवेदनशीलता पर सवाल



**पुसौर।** स्वतंत्रता दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्व पर पुसौर मुख्यालय में तिरंगा उल्टा फहराने का गंभीर मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार झंडे को उल्टा फहराकर न केवल सलामी दी गई बल्कि राष्ट्रगान और उद्बोधन कार्यक्रम भी संपन्न कराया गया। बाद में जब त्रुटि की जानकारी हुई तो झंडे को तत्काल सीधा किया गया।

जनजागरण मंच ने इस घटना की पुष्टि की है। यह स्थिति जिम्मेदार अधिकारियों और आयोजकों की लापरवाही और असंवेदनशीलता को दर्शाती है। झंडा संहिता का उल्लंघन राष्ट्रीय सम्मान का अपमान है। राष्ट्रीय सम्मान अपमान निवारण अधिनियम 1971 के तहत तिरंगे के अपमान पर तीन साल की सजा, जुर्माना या दोनों हो सकते हैं। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा स्पष्ट निर्देश हैं कि राष्ट्रीय ध्वज का फहरावन पूर्ण सम्मान और विधि-विधान से होना चाहिए, लेकिन जानकारी के अभाव या जल्दबाजी में इस तरह की चूकें हो रही हैं। प्रशासन से मांग की जा रही है कि दोषियों की जिम्मेदारी तय की जाए।

## पीएम श्री शाला में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला बघिमा में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया, जिसमें गांव के उप सरपंच संदीप राम ने ध्वजारोहण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद भारत माता की जय एवं वंदे मातरम के नारों के साथ पूरा विद्यालय प्रांगण गूंज उठा। इसके पश्चात सभी बच्चे पालक गण एवं शिक्षकों ने गांव में प्रभात फेरी निकाली जिसमें देशभक्ति गीतों के साथ सभी ने नारा लगाया। हिंद देश के निवासी सभी जन एक है रंग रूप वेशभूषा चाहे अनेक है गीत को सभी ने मिलकर गाया। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ शिक्षक रवि गुप्ता ने मंच संचालन करते हुए कहा कि आजादी की सालगिरह का यह दिन उन महान स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का है जिन्होंने इस देश को आजाद कराने के लिए अपना सब कुछ दांव पर लगा दिया। उन्होंने पुष्प की अभिलाषा गीत के माध्यम से वीरों को नमन किया। इसके साथ ही गांव की सरपंच पार्वती भगत ने कहा कि हमारा देश महान है हमारी संस्कृति महान है हमें अपने देश की आन बान एवं शान की बना कर रखना चाहिए एवं इसकी प्रगति के लिए सदैव कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यकम में गांव के नितेश दास के द्वारा प्रति वर्षानुसार प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला बघिमा के वार्षिक परीक्षा में प्रवीण्य सूची में आए बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर माध्यमिक शाला बघिमा के एचएम अनिरुद्ध कुमार टोप्पो, प्राथमिक शाला के एचएम सुरेश खलखो, एवं दोनों विद्यालय के सभी शिक्षक गण, पालक एवं बच्चे उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की बैठक

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजी 409 का महत्वपूर्ण बैठक जशपुर में आयोजित हुआ, भागलपुर के सामुदायिक भवन में आयोजित इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में प्रांतीय संरक्षक देवेंद्र पटेल मौजूद रहे। बैठक के दौरान नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का परिचय पर उनका शपथ ग्रहण कराया गया, वहीं जिला कार्यकारिणी के लिए सभी परियोजना अध्यक्ष अपने परियोजना से सक्रिय लोगों का नाम मांगा गया।

ज्ञात हो कि जशपुर के भागलपुर में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में द्वीप प्रज्वलन करते हुए विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। जिसके उपरांत मुख्य अतिथि देवेंद्र पटेल का पुष्प गुच्छ से स्वागत कर स्वागत गीत गाया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि देवेंद्र पटेल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं देते हुवे उनके उज्जवल भविष्य का कामना की। श्री पटेल ने छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ पंजी.409 के इतिहास को विस्तार से बताया और उसका उद्देश्य कार्यकर्ताओं को समझाते हुए संगठन के विस्तार और मजबूती पर ध्यान देने की बात कही। देवेंद्र पटेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में सबसे ज्यादा परियोजना के क्षेत्र में जाना जाता है, प्रदेश में सबसे ज्यादा सदस्यों की संख्या इसी जिला से है। जिला स्तरीय सम्मेलन में प्रांत की टीम के तरफ से श्रीमती कविता यादव को जशपुर जिला की पूरी टीम के लिए पुष्प गुच्छ देकर बधाई और शुभकामनाएं दिया। सभी परियोजना अध्यक्ष व पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि संघर्ष के हर स्थिति में प्रांत की टीम सदैव आपके साथ खड़ी है। आंगनबाड़ी केंद्र को देश में संचालित होने में 50 वर्षों से ज्यादा समय बीत चुका है इन 50 वर्ष के भीतर महंगाई भरे दौर में मामूली से भुगतान में गुजारा कर पाना मुश्किल हो रहा है। लगातार अपने हक और अधिकार के लिये आवाज उठाया जा रहा है और समय समय पर आवाज उठाया भी जायेगा।

## पेज 1 का शेष

### 8 स्कूलों के नवीन ...

कंदईबहार में शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कंदईबहार में नवीन भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 21 लाख, बगीचा विकासखण्ड के ग्राम पंचायत टटकेला में हाईस्कूल टटकेला में 75 लाख 23 हजार, कुनकुरी विकासखण्ड के ग्राम पंचायत गिनाबहार में नवीन भवन निर्माण कार्य प्राथमिक शाला खजूरबहार के लिए 20 लाख, लोधमा में हायर सेकेण्डरी स्कूल लोधमा के लिए 1 करोड़ 21 लाख 16 हजार एवं दुलदुला विकासखण्ड के हायर सेकेण्डरी स्कूल दुलदुला में नवीन भवन निर्माण के लिए 1 करोड़ 21 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### रणजीता स्टेडियम में ...

सहयोग प्राप्त होता आया है। इस दौरान जशपुर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने सभी लोगों को कृष्णजन्म अष्टमी की बधाई दी। उन्होंने इस भव्य प्रतियोगिता के आयोजन के लिए आयोजक समिति को भी अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की और कहा कि इस कार्यक्रम की भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस प्रतियोगिता को देखने लोगों के भीड़ प्रतिवर्ष बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि भगवान कृष्ण का आशीर्वाद से यह कार्यक्रम इतना सफल और भव्य रूप लेता जा रहा है। मैं भगवान से प्राथना करती हूं कि उनका आशीर्वाद मेरे क्षेत्र की जनता पर हमेशा बना रहे। भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से ही गोविंदा टीम की टोली मटकी फोड़ जैसे कठिन कार्य को सफलता से अंजाम दे पाते हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में समिति के सदस्यों को ढेर सारी शुभकामनाएं देने के साथ ही सफल आयोजन लिए उनकी सराहना भी की। विधायक श्रीमती भगत स्वयं रुचि लेकर समिति के सदस्यों को कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए लगातार मार्गदर्शन भी देती आ रही है। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्री सालिक साय ने विशाल जनशैलाब को संबोधित करते हुए कहा कि मेरे लिए यह सौभाग्य की बात है कि मैं जिला पंचायत अध्यक्ष हूं और मेरे जिले में इतना भव्य कार्यक्रम हो रहा है। उन्होंने इस कार्यक्रम के आयोजन की बधाई देते हुए आयोजन समिति को अपना सम्पूर्ण योग देने की बात कही।।जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव ने कहा की इस कार्यक्रम में सनातनियों का मेला लगा है यह हम सनातनियों का पहचान एवं एकता को दिखाता है। नगर पालिका उपाध्यक्ष यश प्रताप सिंह जूदेव ने बताया कि कार्यक्रम पहले छोटे स्तर में श्री बालाजी मंदिर के सामने होता था, पर अब इतना भव्य रूप ले चुका है यह सब श्री बालाजी भगवान का आशीर्वाद पूरी जनता को प्राप्त हो रहा है। अखिल भारतीय कल्याण आश्रम के महामंत्री योगेश बापट ने कहा कि आज बड़ा ही गर्व हो रहा है कि जशपुर में सनातनी परंपरा निभाई जा रही है और धर्म की रक्षा हो रही है। विदित हो कि समिति के तत्वाधान में आयोजित यह कार्यक्रम का 20वां वर्ष था। 20 वर्षो से जशपुर की जनता एवं प्रायोजकों का सहयोग मिल रहा है जिसके कारण यह कार्यक्रम सफल रहा है। इस बार कार्यक्रम ओर भी भव्य एवं जबरदस्त रहा।

इस भव्य प्रतियोगिता में झारखंड के नागपुरी जगत के सुपरस्टार नितेश कच्छप एवं सुप्रसिद्ध गायिका चिंता देवी आकर्षण का केंद्र रहे। उनके मंच पर आते ही भारी जन सैलाब के द्वारा तालियां बजाकर उनका स्वागत किया गया।

